तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

4 नपं ने दिया व्यापारियों को दुकान खाली करने नोटिस, मचा हड़कंप





## खबर संक्षेप



### आज मनाया जाएगा रोजगार, आवास दिवस

**रायगढ़।** जिले में ग्रामीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से 7 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों में श्रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का व्यापक आयोजन किया जाएगा। शासन के दिशा निर्देशानुसार इस दिन चावल महोत्सव के साथ इन कार्यक्रमों को जनभागीदारी के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं.प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना तथा हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। जिला प्रशासन ने इस आयोजन को गांव.गांव तक प्रभावी बनाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की हैए जिसमें जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, स्व.सहायता समूहों और आम ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 17 अप्रैल तक

**रायगढ़।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन 24 मार्च से शुरू हो गए हैंए जिसकी अंतिम तिथि 17 अप्रैल रात 12 बजे तक निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया जाएगा। प्रदेश की राजधानी रायपुर में 26 जुलाई 2010 को शुरू किए गए प्रयास आवासीय विद्यालय का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उपलब्ध कराना है। वर्तमान में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 17 संस्थाएं संचालित हैं, जिनमें 7120 सीटें स्वीकृत हैं, जबकि 6064 सीटों पर वर्तमान में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस वर्ष रायपुर एवं जगदलपुर में सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश खोले गए हैं।

### 19 लीटर महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसारए 05 अप्रैल को आबकारी वृत्त रायगढ़ उत्तर अंतर्गत शिकायत के आधार पर छापेमारी की गई। इस दौरान कुल 19 लीटर महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 3900 रुपए है जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान पहले आरोपी दिलीप महापात्रो 51 निवासी लोइंग, के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब कीमत 1700 बरामद की गई। वहीं दूसरे आरोपी अजय यादव 32 लोइंग के पास से 11 लीटर महुआ शराब कीमत 2200 जब्त की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34,2 और 59,क के तहत प्रकरण दर्ज कर क्रमशः प्रकरण कायम किया गया है।

### सेना में भर्ती के लिए पंजीकरण 10 तक

**रायगढ़।** सेना में भर्ती के इच्छुक युवाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 10 अप्रैल तक निर्धारित है। भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी के विभिन्न पदों.अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक स्टोर कीपर ट्रेडमैन दसवीं एवं आठवीं तथा अग्निवीर महिला सेना पुलिस के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार शिक्षा एवं धर्म शिक्षक के पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित हैं।

## टारगेट से एक दिन पहले ही दोनों सेंटरों में जांच हो गई पूरी

# माशिमं में हाथों-हाथ जमा करनी होगी अंक रिपोर्ट, आज भेजी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

माशिमं को बोर्ड का रिजल्ट हाथों-हाथ जमा करना पड़ता है। ऐसे में आज रिपोर्ट भेजी जाएगी। दूसरी ओर टारगेट से एक दिन पहले ही दोनों सेंटरों में माशिमं की अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की जांच पूरी हो गई है। ऐसे में आज रिपोर्ट तैयार कर बोर्ड भेजी जाएगी। इसके बाद हिंदी के कॉपियों का इंतजार रहेगा। कॉपी आने के बाद फिर एक सप्ताह जांच चलेगा।

बोर्ड के कॉपियों की जांच के लिए जिले में दो वेल्यूशन सेंटर बनाए गए थे। इसमें पुत्री शाला और नटवर स्कूल शामिल है। पुत्री शाला में कक्षा 10 वीं के 49 हजार 61 कॉपी भेजी गई थी। इसी तरह कक्षा 12 वीं का 26 हजार 121 कॉपी आई थी। नटवर स्कूल में कक्षा 10 वीं के 49 हजार 931 और कक्षा 12 वीं का 34 हजार 746 कॉपी आई थी। दो चरण में आई कॉपियों की जांच 6 अप्रैल को पूरी हो गई है।

बोर्ड की ओर से 7अप्रैल जांच पूरी करने का टारगेट दिया गया था। एक दिन पहले ही दोनों सेंटर में जांच पूरी हो गई है। ऐसे में आज पूरी रिपोर्ट तैयार कर भेजी जाएगी।



**अब हिंदी की कॉपी का रहेगा इंतजार, आने के बाद फिर चलेगी एक सप्ताह जांच**

### दो चरण में भेजी गई रिपोर्ट

कॉपियों की जांच भी दो चरणों में होती है। पहले चरण की जांच 25 मार्च को पूरी करने का टारगेट थे। इसके बाद 26 मार्च को एक रिपोर्ट बोर्ड में जमा की गई है। इसी तरह दूसरे चरण की जांच पूरी होने के बाद आज रिपोर्ट लेकर दोनों स्कूल का कोई कर्मचारी जमा करने जाएंगे। गौरतलब है इसकी रिपोर्ट न तो कोरियर से और न ही रजिस्ट्री से भेजी जा सकती है। हाथों हाथ जमा करना पड़ता है। ऐसे में आज दोनों स्कूल से रिपोर्ट लेकर बोर्ड पहुंचेंगे।

### प्लेन से जाता है दिल्ली

रिपोर्ट जमा होती है तो बोर्ड की ओर से उसे दिल्ली लेकर कोई अधिकारी प्लेन से जाता है। जानकारी तो मिली है कि हर दिन एक अधिकारी को प्लेन से दिल्ली जाना पड़ता है। कारण रिपोर्ट को बोर्ड में रोका नहीं जा सकता है। हर दिन का रिपोर्ट ऑनलाइन एंट्री होती है। उसे लेकर हर दिन दिल्ली रवाना कर दिया जाता है। एहतियातन इस तरह की व्यवस्था की गई है। चूंकि पूरा रिजल्ट गोपनीय रहता है। ऐसे में कार्यालय में भी उसकी कॉपी नहीं रखी जाती है। जहां अंकसूची तैयार होती है वहां प्लेन से जाकर जमा कर दिया जाता है।

## महिला से दुष्कर्म मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं एक आरोपी फरार है, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार 37 वर्षीय पीड़िता अपने पति के साथ कोतरारोड थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहती है।

पीड़िता ने 5 अप्रैल को घटना के संबंध में थाना कोतरारोड़ में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए महिला पुलिस अधिकारी को बताई कि 4 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे वह अपने पति के साथ मेन रोड दुकान सामान खरीदने गई थी। इसी दौरान ऑटो में पहुंचे आरोपी मुन्ना गिरी और उसके साथी महिला को अकेला समझकर जबरन सड़क किनारे स्थित दुकान के अंदर ले जाने लगे। महिला के पति द्वारा विरोध करने पर आरोपी दीपक सिदार और पिंटू निषाद ने उसे पकड़कर मारपीट की। इसके बाद आरोपी मुन्ना गिरी, योगेश सिदार और जागेश्वर पटेल ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की लिखित शिकायत पर थाना कोतरारोड में पांच आरोपियों के विरुद्ध धारा 70,1ए 115 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मुन्ना गिरी पिता अशोक गिरी उम्र 27 वर्ष, देव कुमार उर्फ दीपक सिदार पिता भानू सिदार उम्र 23 वर्ष, जागेश्वर पटेल पिता सुशील पटेल उम्र 32 वर्ष तथा पिंटू निषाद पिता मदन निषाद उम्र 23 वर्ष शामिल हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी पिंटू निषाद से घटना में प्रयुक्त ऑटो क्रमांक सीजी 12 एवाई 5870 को भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है। फरार आरोपी योगेश सिदार की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन पर हो रहा काम, ट्रेनें प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथीलाइन निर्माण का कार्य किया जा रहा है । इस कड़ी में बिलासपुर मंडल के जांजगीर-नैला स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी एवं ऑटो सिग्नलिंग कार्य हेतु प्रीनॉन नॉनइंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके फलस्वरुप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, विस्तृत जानकारी इस प्रकार है।



### रद्द होने वाली गाड़ियां

16 से 27 अप्रैल तक बिलासपुर व रायगढ़ से चलने वाली 68738/68737 बिलासपुर-रायगढ़.बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी। 16 से 27 अप्रैल तक रायगढ़ से चलने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 15 से 26 अप्रैल तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 15 से 26 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 16 से 27 अप्रैल तक गेवरा रोड से चलने वाली 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 15 से 26 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली 58204 रायपुर.कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी। 16 से 27 अप्रैल तक कोरबा से चलने वाली 58203 कोरबा.रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 16 से 27 अप्रैल तक बिलासपुर व गेवरा रोड से चलने वाली 68734/ 68733 बिलासपुर-गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 16 से 27 अप्रैल तक बिलासपुर व कोरबा से चलने वाली 68732/68731 बिलासपुर-कोरबा-लासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 11 से 25 अप्रैल तक बिलासपुर से चलने वाली 58210 बिलासपुर-गेवरा रोड पैसेंजर रद्द रहेगी।

## जिस गांव में हिंडाल्को निकाल रहा कोयला, उसी गांव के कर्मचारियों को सता रहा छंटनी का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिस कोडकेल गांव में हिंडाल्को कंपनी कोयला निकाल रही है उसी गांव के कर्मचारियों को अब छंटनी का डर सताने लगा है। इन कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और कंपनी एम्पलाई ही रखने की मांग की है। ये कर्मचारी अभी उसी कंपनी में ही काम कर रहे हैं, लेकिन छंटनी करने की जानकारी मिलने से सकते में आ गए हैं। दरअसल गारे पेलमा 4/4 और 4/5 को हिंडाल्को को मिला था। उत्पादन कम होने की वजह से हिंडाल्को ने 4/5 को सरेंडर कर दिया था। जिस माइंस को हिंडाल्को ने सरेंडर किया था उसे शारडा एनर्जी ने ले लिया। अभी हिंडाल्को गारे पेलमा 4/4 को ही चला रहा हे। जब शारडा एनर्जी ने 4/5 को लिया तब यहां के पूरे कुछ कर्मचारी हिंडाल्को के गारे पेलमा 4/4 में चले गए। इसमें कोडकेल गांव के करीब 15-20 कर्मचारी हैं जो लंबे समय से कंपनी में काम कर रहे हैं। अभी वहां छंटनी का दौर चलने वाली है। ऐसे में ग्रामीणों को डर है उनको बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। कारण इसके पहले भी छंटनी की गई थी और दर्जनों कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया था। ऐसे में कोडकेल के कर्मचारी भी छंटनी की जद में आने के डर से भयभीत हैं। ऐसे में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर हिंडाल्को कंपनी के कर्मचारी ही रहने की मांग की है।

**खास बात**

- उत्पादन कम होने की वजह से हिंडाल्को ने एक माइंस कर दिया है सरेंडर



### ठेकेदार के अंडर में काम करने से इंकार

इन कर्मचारियों का कहना है कि छंटनी के बाद काम में रखेंगे, लेकिन उनको ठेकेदार के अंडर में काम करना पड़ेगा। ऐसे में उनका भविष्य सुरक्षित के बजाए असुरक्षित हो जाएगा। इसी का उर उनको सता रहा है। हालांकि जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक कलेक्टर न कर्मचारियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए शारडा एनर्जी के मुखिया को तलब किया है।

## हथियार लेकर जगन्नाथ पुरी जा रहे थे घूमने, देसी पिस्टल, मैगजीन, जिंदा राउंड के साथ 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

ओड़िशा का जगन्नापुरी मंदिर जहां लोग अपनी मन्नतें पूरी करने जाते हैं वहां दो युवक हथियार लेकर जा रहे थे। संयोग यह रहा कि सरिया पुलिस कंचनपुर बेरियर के पास वाहनों की जांच कर रही और इसी जांच में दोनों युवकों हथियार के साथ पकड़ा गए। यदि नहीं पकड़ाते तो हो सकता है जगन्नापुरी मंदिर जो दुनिया का प्रसिद्ध मंदिर है वहां कोई घटना घट सकती थी।

दोनों आरोपियों से देशी पिस्टल, मैगजीन, जिंदा राउंड पकड़ा गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया है। सरिया पुलिस ने बताया कि कंचनपुर बैरियर के पास बीते 4 अप्रैल को वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान रायगढ़ की ओर से आ रही सफेद रंग की आईटेन कार क्र यूपी 65 डीए 5833 को रोका गया। गाड़ी की जांच की गई तो उसमें 01 नग देशी पिस्टल, 02 मैगजीन, 18 नग जिंदा राउंड मिला। आरोपियों से अलसहा के संबंध में दस्तावेज मांग की गई तो पेश नहीं कर सके। दोनों युवकों से पिस्टल, राउंड के बारे में पूछताछ करने पर प्रयागराज से ब्लैक में खरीदना तथा अभी जगन्नाथ पुरी घूमने जाना बताया गया। आरोपियों को नोटिस देने पर हथियार के संबंध में कोई कागजात पेश नहीं कर सके। ऐसे में अवैध 01 नग देशी पिस्टल, 02 मैगजीन, 18 नग जिंदा राउंड और कार को गवाहों के समक्ष जब्त कर दोनों आरोपी कविराज चौहान पिता कंवल चौहान 36 निवासी करंजी थाना भुड़कुड़ा जिला गाजीपुर और अजय यादव पिता सुमेर यादव 30 निवासी पोगहट चक थाना धूमनगंज जिला प्रयागराज के खिलाफ थाना सरिया में धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।





## रिश्तेदार ने मां की मौजूदगी में घर घुसकर 17 वर्षीय बालक का किया अपहरण, आरोपी गिरफतार

**रायगढ़।** मां की मौजूदगी में घर घूसकर 17 वर्षीय बालक का अपहरण कर पिता से 10 हजार रुपए की मांग करने वाला आरोपी पकड़ा गया है। लैलूंगा थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोर के अपहरण के मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश गुप्ता 36 निवासी ग्राम टटकेला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

आरोपी अपहृत बालक का रिस्तेदार बताया गया है। घटना के संबंध में पीड़ित बालक की मां द्वारा 03 अप्रैल को थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार 02 अप्रैल की रात आरोपी राजेश गुप्ता शराब के नशे में पीड़िता के घर जबरन घुसा और उसके पुत्र को जगाकर उसके पिता के बारे में पूछताछ करने लगा। पिता के घर पर नहीं होने की जानकारी मिलने पर आरोपी ने किशोर को जबरन पकड़कर अपने साथ ले जाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि इसको ले जा रहा हूं, इसका बाप 10 हजार रुपए लेकर मेरे पास आएगा और महिला को किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता जब गांव के लोगों के साथ थाना रिपोर्ट करने आ रही थी, तभी आरोपी ने रास्ते में उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर दुर्घटना करने का प्रयास किया। ग्राम कुंजारा के पास आरोपी ने उनकी वेगनआर कार को टक्कर मार दी और बाद में थाना के पास पहुंचने पर उनकी इको कार को भी पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा में धारा 331,2ए 137,2ए 351,3ए 281 बीएनएस एवं 184, 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। बालक को ग्राम कुंजारा और सारसमाल के बीच सुरक्षित अवस्था में बरामद कर लिया गया। साथ ही आरोपी को जंगल क्षेत्र में उसके वाहन सहित घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त कर लिया गया है। 'आरोपी. राजेश गुप्ता पिता बेनूराग गुप्ता 36 निवासी टटकेला थाना लैलूंगा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



### पूर्व सांसद ने खोला पैकेट तो गांव में फैल गई खुशियां, पूरे कार्यक्रम का वीडियो किया शेयर

# कश्मीर की खूबसूरत वादियों तक पहुंची लैलूंगा के जवाफूल की खुशबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के लैलूंगा में उत्पादित केलो जैविक जवाफूल चावल की खुशबू कश्मीर की खूबसूरत वादियों तक पहुंच गई है। वहां जानकारी मिली तो वीडियो जारी कर चावल की की गई थी डिमांड। इसके बाद लैलूंगा के किसानों के साथ वहां के एसएडीओ लोभन साय सारथी ने पोसट ऑफिस में दो पैकेट चावल रजिस्ट्री किया था। जब लद्दाख के कारगिल जिले के गरकोन गांव पहुंचा तो वहां के पूर्व सांसद ने इस पैकेट को खोला। उसे देखकर गांव में खुशियां फैल गई।

गांव के लोगों ने खुशियां जताते हुए वीडिया बनाया और लैलूंगा तक उसे भेज दिया। इसके पहले लैलूंगा का केलो जैविक जवाफूल चावल बैंगलुरु भी भेजी जा चुकी है। वहां की कोई कंपनी बेबी फूड बनाती है। उसे सप्लाई की जाती है। लैलूंगा क्षेत्र से भेजा गया केलो जैविक जवाफूल चावल लद्दाख के कारगिल जिले के गरकोन गांव तक पहुंच गया है। लद्दाख में पार्सल पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इसे खोला गया। चावल की खुशबू और गुणवत्ता ने सभी को प्रभावित किया और लोगों ने इसकी सराहना की। लद्दाखी परंपरा के अनुसार जुले जुले कहकर स्थानीय लोगों ने आभार जताया। उन्होंने कहा कि इतनी दूर से चावल मिलना उनके लिए एक अलग और खास अनुभव है। लद्दाख से साझा किए गए वीडियो में स्थानीय नागरिकों ने कहा कि म रायगढ़ जिला प्रशासन के बहुत शुक्रगुजार हैं, जिन्होंने हमारी मांग पर सुगंधित चावल यहां लद्दाख तक पहुंचाया। इसके लिए हम उनका विशेष धन्यवाद करते हैं। बता दे कि कुछ समय पहले गरकोन गांव के एक उपभोक्ता द्वारा वीडियो के माध्यम से रायगढ़ जिले के लैलूंगा में उत्पादित सुगंधित चावल के प्रति रुचि व्यक्त की गई थी। इसके बाद पहल करते हुए रायगढ़ से चावल पार्सल के जरिए भेजे गए। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लैलूंगा क्षेत्र में किसान सुगंधित जवाफूल चावल की खेती कर रहे हैं। इसकी खेती के लिए 5 किसान उत्पादक संगठन का गठन किया गया है। जिनमें 1000 से अधिक किसान जुड़े हुए हैं और संगठित रूप से इस फसल का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जवाफूल चावल के प्रचार.प्रसार के लिए यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी जानकारी साझा की जा रही है।



**वहां से वीडियो जारी कर की गई थी मांग रजिस्ट्री से भेजा गया चावल की पैकेट**

### चावल के साथ बीज भी

ऐसा नहीं है कि वहां केवल चावल भेज दी गई है। इसके साथ में इसके बीज भी भेजी गई है। याने चाहें तो वहां इसका उत्पादन कर सकते हैं। लेलूंगा के किसानों द्वारा उत्पादित चावल की डिमांड धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। आने वाले समय में करीब दो हजार एकड़ में इसका उत्पादन लेने की तैयारी है।

### बन गई है पहचान

केलो जैविक जवाफूल चावल अब लैलूंगा की एक मजबूत पहचान बन चुका है। यह न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक हैए बल्कि क्षेत्र को नई पहचान भी दिला रहा है। जवाफूल धान की प्रमुख विशेषता इसकी प्राकृतिक सुगंध और स्वाद है, जो लैलूंगा क्षेत्र की विशेष जलवायु में विकसित होती है। केलो जैविक जवाफूल चावल की मांग अब छत्तीसगढ़ से बाहर भी बढ़ रही है। बेंगलुरु, चेन्नई, तेलंगाना, लद्दाख और कारगिल जैसे क्षेत्रों में इसकी मांग देखी जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम तमता निवासी स्व. शिवकांती चौहान का सांप के काटने से 27 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति सुलेन्द्र चौहान हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर 8 को

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर का आयोजन 8 अप्रैल को कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रातः 11.00 बजे किया जा रहा है। शिविर में जनपद पंचायत कुनकुरी अन्तर्गत समस्त दिव्यांग जनो का प्रमाणीकरण तथा पूर्व में जारी प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया जावेगा। उक्त शिविर में आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार नम्बर में रजिस्टर्ड मोबाइल जिसमें ओटीपी आता हो, फोटोग्राफ जिसमें दिव्यांगता प्रदर्शित हो, जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ ले सकेंगे। यदि आधार से लिंक मोबाइल नंबर अपडेट करने की आवश्यकता है तो पूर्व से ही आधार केन्द्र में मोबाइल नंबर अपडेट करवाना होगा।

## छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर होगा विवि का घेराव

**अंबिकापुर।** छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर एनएसयूआई अब उग्र प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। वर्षों से बंद पड़े हुए छात्र संघ चुनाव को फिर से शुरू कराने लिए एनएसयूआई द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद भी कोई पहल होने पर अब भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने प्रदर्शन की योजना बनाई है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। एनएसयूआई के कार्यकर्ता व पदाधिकारी 6 अप्रैल की दोपहर 12 बजे राजीव भवन में एकत्रित होंगे इसके बाद भकुरा स्थित संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय का घेराव किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं में प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है।

## अर्जी लखदातार की भव्य भजन संध्या 8 को

**प्रतापपुर।** धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल को और अधिक भक्तिमय बनाने के उद्देश्य से प्रतापपुर में अर्जी लखदातार की 3.0 के तहत भव्य भजन संध्या एवं कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 8 अप्रैल की शाम 7.15 बजे से अग्रसेन भवन के सामने आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन लखदातार परिवार द्वारा किया जा रहा है, जिसमें अंकुर अग्रवाल, सुमित गुप्ता, शुभम मित्तल, अंकित तायल, अमन गर्ग एवं आकाश मित्तल शामिल हैं। आयोजन में भव्य दरबार एवं पूजा के साथ-साथ भजन-कीर्तन, श्याम रसोई, 56 भोग अर्पण, सवा मणि प्रसाद एवं इत्र वर्षा जैसे विशेष धार्मिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। श्रद्धालुओं के लिए भक्ति और प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। भव्य भजन संध्या में देश के विभिन्न स्थानों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। रापटगंज से संजीव शर्मा, कोलकाता से निहाल ठाकरान तथा शक्ति से अभिषेक गर्ग कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति देंगे।

## बाइक भिड़ंत में गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम कुंडपान में दो बाइक के सामने-सामाने भिड़ंत हो जाने से घायल एक ग्रामीण को रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम विमलापुर निवासी अवधेश कुमार चौधरी आ. रामप्रीत चौधरी (36 वर्ष) 3 अप्रैल को गांव के अपने साथी के साथ बाइक से काम करने सुन्दरपुर गया था। काम करने के पश्चात दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे और जैसे ही ग्राम कुंडपान के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में अवेधश गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथी को मामूली चोटे आई। परिजन घायल को डिंड़ो अस्पताल में भर्ती कराया जहां से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

# छत्तीसगढ़ की धरती के कण-कण में बसे हैं श्रीरामः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





## संत चिन्मयानंद के श्रीमुख से श्रीराम कथा का हो रहा वाचन

- कथा का रसपान करने उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भारी भीड़

कुनकुरी में आयोजित भव्य संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव ने जन-जन के हृदय में श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संचार कर पूरे वातावरण को राममय बना दिया है। संत चिन्मयानंद बापू के श्रीमुख से अमृतमयी श्री राम कथा का रसपान करने हेतु पंचम दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आयोजन स्थल सलियाटोली मिनी स्टेडियम ग्राउंड पहुंचे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय भी साथ थी।

मुख्यमंत्री एवं उनकी धर्मपत्नी ने संत चिन्मयानंद बापू जी से आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने वक्तव्य में भगवान श्री राम के आदर्श जीवन और चरित्र का वर्णन करते हुए उसे अपने जीवन में आत्मसात करने का सार्थक संदेश भी दिया। छत्तीसगढ़ की धरती के कण-कण में बसे हैं भगवान श्रीराम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री ने कुनकुरी में प्रभु श्रीराम कथा रसपान के इस पावन आयोजन में व्यासपीठ पर विराजमान संत चिन्मयानंद बापू को सादर नमन किया और कहा कि आज कुनकुरी की यह पावन धरा धन्य हो गई है। सलियाटोली का यह स्टेडियम श्रीराम कथा के रसपान से साक्षात श्रीराम का धाम बन गया है। चारों तरफ 'जय श्री राम' की गूंज सुनाई दे रही है। भक्ति का ऐसा संगम देखकर मन गदगद है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का छत्तीसगढ़ से बहुत गहरा रिश्ता है। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती है। यह भगवान श्रीराम का ननिहाल है। जहाँ भांजे के रूप में भगवान श्रीराम घर-घर में पूजे जाते हैं। जब भगवान श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास हुआ, तब उन्होंने अपना सबसे अधिक समय इसी दंडकारण्य व छत्तीसगढ़ के जंगलों में बिताया। यहाँ के कण-कण में राम व्याप्त हैं।

वनवास के समय के यहां पर सीता रसोई जैसे कई निशाना मौजूद हैं। यहां की मिट्टी में राम की खुशबू है। यह हम सब का सौभाग्य है कि हमने उस कालखंड में जन्म लिया, जब अयोध्या में भगवान श्रीराम फिर से प्रतिष्ठित हुए हैं। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत को पूरी दुनिया में गौरवान्वित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ संकल्प से यह संभव हो सका है। प्रधानमंत्री ने वादा किया था कि हम प्रभु श्रीराम के ननिहाल के श्रद्धालुओं को श्रीराम लला के दर्शन कराएंगे। सरकार बनते ही रामलला दर्शन योजना शुरू की है। अभी तक लगभग 42 हजार भक्त रामलला के दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस के कण-कण में विराजमान हैं। जांजगीर क्षेत्र में तो प्रभु श्रीराम की भक्ति विशेष रूप से दिखाई देती है, जहां रामनामी समुदाय के लोग अपने रोम-रोम में राम का नाम बसाए हुए हैं।

वे अपनी आस्था और समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने पूरे शरीर पर राम-राम का गोदना अंकित कराते हैं। उन्होंने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल और 100 टन से अधिक हरी सब्जियां भेजी गई थीं। यह विशेष भोग, ननिहाल के प्रेम और 500 वर्षों के संघर्ष के बाद प्रभु की स्थापना के उपलक्ष्य में भेजा गया था। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से गई डॉक्टरों की टीम एवं मेडिकल स्टाफ ने अयोध्या में राम भक्तों के लिए स्वास्थ्य जांच और उपचार की सेवाएं प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने अवैध धर्मांतरण को रोकने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू किया है। इस कानून में शामिल कड़े प्रावधानों के माध्यम से निश्चित रूप से अवैध धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, संयोगिता सिंह जूदेव, सुनील गुप्ता, उपेंद्र यादव, सुनील अग्रवाल, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन भी मौजूद रहे।

### देशहित के लिए निरंतर कार्य कर रही भाजपा: मुख्यमंत्री

# भाजपा स्थापना दिवस पर सीएम ने निज निवास में फहराया झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निज निवास बगिया में पार्टी का ध्वज फहराया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के मूल सिद्धांतों, राष्ट्र सेवा और संगठन की मजबूती पर जोर दिया।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है, जो देशहित और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने तथा आम जनता की सेवा में समर्पित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण का माहौल देखने को मिला।



## जनकल्याण और देशहित के लिए हमेशा समर्पित रही है पार्टीः साय

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कुनकुरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पार्टी का ध्वज फहराया और उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में भाजपा के मूल सिद्धांतों, राष्ट्र सेवा और संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी हमेशा जनकल्याण और देशहित के लिए समर्पित रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आम जनता की सेवा में निरंतर लगे रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण का माहौल देखने को मिला।



# लापरवाही बरतने पर एमएलटी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला चिकित्सालय जशपुर के एमएलटी संतोष कुमार वाणिक को ब्लड बैंक में रक्त प्रदाय करने में गंभीर लापरवाही बरतने और वरिष्ठ अधिकारी के हस्ताक्षर का स्पष्ट दुरुपयोग करते हुए गंभीर अनुशासनहीनता करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किए हैं। निलंबन अवधि में श्री वाणिक का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा निर्धारित किया गया है।

निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। विदित हो कि जिला चिकित्सालय जशपुर के ब्लड सेंटर प्रभारी अधिकारी, पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ० ममता सिंह के द्वारा 13 मार्च 2026 को जिला चिकित्सालय जशपुर के एमएलटी संतोष कुमार वाणिक के विरुद्ध प्राप्त शिकायत के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संतोष कुमार वाणिक के द्वारा 23 मार्च को उक्त नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत जवाब के अवलोकन एवं परिशीलन से स्पष्ट हुआ कि उनके द्वारा ब्लड बैंक में रक्त प्रदाय दाय करने में गंभीर लापरवाही बरती गई है तथा अपने वरिष्ठ अधिकारी के हस्ताक्षर का स्पष्ट दुरुपयोग करते हुए गंभीर अनुशासनहीनता की गई है। साथ ही उनके द्वारा बरती गई समस्त त्रुटियों का दोषारोपण अन्य अधिकारी-कर्मचारी पर करते हुए जिम्मेदारियों से बचने की चेष्टा की जा रही है। प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नही पाया गया, जो छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत होने के कारण कलेक्टर श्री व्यास द्वारा संतोष कुमार वाणिक एमएलटी जिला चिकित्सालय जशपुर को छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# सभी मंडलों में सादगीपूर्ण ढंग से किया गया ध्वजारोहण

- पूर्व विधायक जागेश्वर राम के निधन के कारण सादगी पूर्ण कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला मुख्यालय जशपुर सहित जिले के सभी मंडलों में भाजपा का स्थापना दिवस सादगीपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।

जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय के नेतृत्व में पार्टी का ध्वजारोहण किया गया। हालांकि जशपुर के पूर्व विधायक जागेश्वर राम भगत के निधन के कारण स्थापना दिवस के अवसर पर निर्धारित अन्य सभी कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया और कार्यक्रम को सादगी के साथ संपन्न किया गया।



### इनकी रही उपस्थिति

जिला कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, बलरामपुर जिला संगठन प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, मंगलनाथ सिंह, संतोष सिंह, राजकपूर भगत, रूपेश सोनी, फैजान सरवर खान, शरद चैरसिया, देवधन नायक, मुकेश सोनी, नेहरू सिंह, रोपण राम, सतीश गोस्वामी, आशु राय, दीपक गुप्ता, दीपू मिश्रा, कंचन बैरागी, नीतू गुप्ता, शैलेन्द्री यादव सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 280 मरीज चिकित्सा शिविर से हुए लाभान्वित

**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष संभव राम के निर्देशन में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रारंभ किए गए चक्षु अभियान के तहत विकास खंड जशपुर के ग्राम नारायणपुर (चिरवारी) में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सह अन्य रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार, 5 अप्रैल को किया गया। यह शिविर शासकीय प्राथमिक शाला नारायणपुर (चिरवारी) के प्रांगण में प्रातः 10.30 बजे ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष अघोरेश्वर भगवान राम एवं वर्तमान अध्यक्ष संभव राम के चित्रों पर विधिवत पूजन-आरती एवं नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया, जो सायं 4.30 बजे तक अनवरत चलता रहा। शिविर में कुल 280 मरीजों की चिकित्सा की गई जिसमें 143 के नेत्र परीक्षण के पश्चात 136 मरीजों को तत्काल पावर वाले चश्मे एवं आवश्यक दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। नेत्र परीक्षण की सेवा टीपी कुशवाहा (जशपुर) द्वारा दी गई। शिविर के दौरान चिन्हित 12 मोतियाबिंद के मरीजों को जशपुर जाकर ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। अन्य रोगों की चिकित्सा हेतु डॉ.आरके सिंह वरिष्ठ सर्जन, जशपुर ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। अन्य रोगों से पीड़ति 137 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां दी गईं। शिविर में रक्त शर्करा, बीपी जांच की भी व्यवस्था की गई थी। शिविर को सफल बनाने में सत्येन्द्र सिंह, ओम प्रकाश, पीके श्रीवास्तव, अखिलेश यादव, सुशील चौधरी, सहित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा गुमला के अजय प्रसाद, अजय सिन्हा, संजय महापात्र, आश्रम कुमार, बबलू, गौरी षांडगी, उदय गुप्ता, रूपा चौधरी, सुरेन्द्र सिंह, महेन्द्र गोप एवं मुन्ना का विशेष सहयोग रहा।

## टूटी हुई थी मृतिका की पसलियां फट गया था लंग्स और हॉर्ट

**अंबिकापुर।** सद्भावना चौक के समीप एक महिला से दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या किए जाने के मामले में चौकाने वाले खुलासे हुए है। मृतिका महिला का पीएम रिपोर्ट सामने आया है जिसमें उसके साथ दरिंदगी की सारी हदें पार की गई। महिला के पसलियां टूटी हुई थी, लंग्स और हार्ट फट गया था। इसके साथ ही शरीर पर बर्बरता के निशान मिले है। इस बीच आरोपी के रेलवे स्टेशन में भी देखें जाने की पुष्टि हुई है जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरोपी ट्रेन में बैठकर कहीं फरार हो गया। बता दें कि 3 अप्रैल को शहर के सद्भावना चौक में मछली दुकान के अन्दर एक महिला की खून से सनी लाश मिली थी। मृतिका की पहचान लखनपुर केवरा निवासी 40 वर्षीया के रूप में की गई थी। पहले पति की मौत के बाद गंगापुर में कथित पति के साथ रहती थी। महिला की लाश को पुलिस द्वारा पीएम के लिए भेजा गया था। वहीँ अब महिला की पीएम रिपोर्ट भी सामने आई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन डिपार्टमेंट के अटोप्सी सर्जन डॉ. संटू बाघ ने इसकी जानकारी दी है। डॉ. बाघ के अन्सौर महिला के साथ दरिंदगी की सभी हदें पार की गई है। महिला के छाती की दोनों तरफ की पसलियां टूटी हुई थी। उसके सिर के सामने की हड्डी भी टूटी हुई थी। लगे को दबाने के लक्षण मिले है। इसके साथ ही उसके गुप्तांग का परीक्षण करने पर चिकित्सकों ने एक लीटर के पानी बोतल का हिस्सा निकाला।

# कलाकारों ने बतायाः अंधविश्वास ने आज भी लोगों को जकड़ा

- जशरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के तीसरे दिन दर्शकों ने लगाए ठहाके

**जशपुरनगर।** जशरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को वशिष्ट कम्युनिटी हॉल में मंच सजा तो माहौल हल्का-फुल्का लगा, लेकिन जैसे ही छत्तीसगढ़ी गवईहां लोक नाट्य संस्था मोहंदी की गम्मत शुरू हुई, हंसी के साथ-साथ समाज पर तीखे सवाल भी उठने लगे। पारंपरिक गम्मत शैली में कलाकारों ने ऐसी प्रस्तुति दी, जिसमें दर्शक ठहाके भी लगाते रहे और भीतर ही भीतर सोचने को भी मजबूर होते रहे। संवादों में चुटीलापन था, लेकिन उनके पीछे छिपा संदेश बेहद गंभीर था। अंधविश्वास, झाड़-फूंक, सामाजिक भेदभाव और बदलती जीवनशैली में खोते संस्कारों को कलाकारों ने सीधे निशाने पर लिया।

गम्मत की सबसे बड़ी ताकत यही रही कि उसने बिना उपदेश दिए, सहज हास्य के जरिए समाज की सच्चाई सामने रख दी। एक-एक दृश्य में ग्रामीण- समाज की झलक थी, जहां छोटी-छोटी बातों के जरिए बड़ी समस्याओं को उजागर किया गया। कलाकारों ने दिखाया कि किस तरह अंधविश्वास आज भी लोगों की सोच को जकड़े हुए है और कैसे जागरूकता की कमी समाज को पीछे धकेल रही है।



### लोकभाषा और लोकशैली ने बांधा समा

प्रस्तुति की खास बात रही इसकी पूरी तरह छत्तीसगढ़ी रंगत। लोकभाषा, पारंपरिक गीत-संगीत और देहाती अंदाज ने दर्शकों को अपनी जड़ों से जोड़ दिया। मंच पर कलाकारों की ऊर्जा और संवाद अदायगी इतनी प्रभावी रही कि हॉल तालियों और ठहाकों से बार-बार गूंजता रहा। गम्मत ने साफ कर दिया कि लोकनाट्य सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला सशक्त माध्यम भी है। कलाकारों ने शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए यह बताया कि बदलाव की शुरुआत हर व्यक्ति से होती है। नाचा गम्मत शैली में सजी यह प्रस्तुति थी 'अलकरहा समय, जिसका निर्देशन किया है परमेश्वर ने. निर्देशक की कोशिश है कि कलाकारों और दर्शकों को पारंपरिक नाट्य रुप का दर्शन करा सकेंत्र प्रस्तुति के कलाकार- जोकर- परमेश्वरी, रोशन विश्वकर्मा, रोशन कोसरे, लिकेश्वर साहू, डोमन, खेलन, कुमेश, डाकेश्वर रजक, भूपेंद्र यादव, रूपेंद्र साहू, कौशिक, प्रफुल्ल रजक, ईश्वरी साहू। जशपुर के स्कूली छात्र छात्राओं के लिए अभिनय पर मास्टरक्लास का आयोजन 11 बजे से किया गया है जिसके प्रशिक्षक प्रोफेसर भगवान तिवारी होंगे।

## रंग, नाटक और काव्य के बिना जीवन व्यर्थः मिश्रा

- कहा नाटक में समाहित है पूरी सृष्टि, रंगमंच सृजन का सर्वोच्च स्थान

**जशपुरनगर।** सांस्कृतिक चेतना के उभरते केंद्र के रूप में पहचान बना रहा जशपुर इन दिनों रंगमंच की ऊर्जा से सराबोर है। पांच दिवसीय जशरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के दौरान प्रख्यात रंगकर्मी और अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्रा ने रंगमंच की महत्ता और जीवन से उसके गहरे संबंध पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यशरंग जैसे प्रयास ही किसी क्षेत्र को नई पहचान देते हैं। "जशपुर जैसे स्थानों में जब इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां होती हैं, तो यह केवल आयोजन नहीं होता, बल्कि एक आंदोलन की शुरुआत होती है। यही प्रयास जशपुर को 'यशपुर' बनाएगा।

मिश्रा ने कहा कि हर स्थान पर कुछ ऐसे लोग जन्म लेते हैं, जो अपने कर्म और समर्पण से उस जगह को राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करते हैं। जशपुर में यशरंग इसी दिशा में काम कर रहा है, जो आने वाले समय में बड़ा सांस्कृतिक केंद्र बन सकता है।



### नाट्यशास्त्र का दिया उदाहरण

अखिलेन्द्र मिश्रा ने अपने वक्तव्य में भरतमुनि के नाट्यशास्त्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन ग्रंथों में भी नाटक को सर्वोच्च कला माना गया है।"भरतमुनि ने कहा है कि नाटक में जीवन का हर आयाम मौजूद है। पूरी सृष्टि का सार नाटक में समाहित है। रंगमंच पर ब्रह्मा का स्थान है, क्योंकि यह सृजन का केंद्र है।

### सभी कलाओं का संगम है रंगमंच

उन्होंने बताया कि नाटक एक ऐसी विधा है, जिसमें साहित्य, संगीत, अभिनय, नृत्य और दृश्य कला सभी का समन्वय होता है। यही कारण है कि रंगमंच समाज को संवेदनशील बनाता है और व्यक्ति के भीतर छिपी भावनाओं को अभिव्यक्त करने का अवसर देता है।



# ममूटी और मोहनलाल 17 साल बाद एक साथ

**मुंबई।** फिल्म 'पैट्रियट' में 17 साल बाद ममूटी और मोहनलाल एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। यह जासूसी थ्रिलर 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कहानी एक विवादास्पद खुफिया मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है। ममूटी डेनियल जेम्स की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि मोहनलाल उनके पुराने दोस्त और सैनिक का किरदार निभा रहे हैं। ये दोनों एक गुप्त अभियान शुरू करते हैं ताकि साजिश का पर्दाफाश कर सकें और देश की रक्षा कर सकें। पैट्रियट का निर्माण एंटो जोसेफ और केजी अनिल कुमार ने एंटो जोसेफ प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है और इसे किचाप्पस एंटरटेनमेंट्स ने प्रस्तुत किया है।

## लाइफ Style

# जाह्नवी डीपफेक्स का हुई शिकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने डीपफेक्स को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने अपने साथ स्कूल में हुई एक डिस्टर्बिंग घटना के बारे में भी बताया।*

जाह्नवी ने कहा, मुझे नहीं पता इसे टेक्निकली डीपफेक कहेंगे, लेकिन ये कुछ ऐसा ही था. मैंने अपनी फोटोज अश्लील साइट पर देखी थी। हमारी आईटी क्लास थी स्कूल में। लड़के उन साइट्स पर जाते थे फन के लिए और मेरी फोटोज वहां थीं। मैं उस वक्त 15 साल की थीं। ये बहुत खराब एक्सपीरियंस था। आगे जाह्नवी ने कहा, एक प्वॉइंट पर, मुझे लगा क्यो? क्या ये वो कीमत है, जो आपको चुकानी पड़ती है? जैसे कि इन चीज़ों में कोई नैतिकता ही न हो। सोशल मीडिया पर सब अपनी बातें रख रहे हैं। अब नैतिकता के मामले में बिहेवियर थोड़ा-बहुत सुधरा है लेकिन बड़े पैमाने पर ये अभी भी समस्या है। बहुत से लोगों को ये नॉर्मल लगता है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए ऐसा होगा ही। जाह्नवी ने एआई जेनरेटेड फोटोज को लेकर भी कहा, इससे मैं शांति में नहीं हूं। मेरे कई ऐसे विजुअल्स हैं, यहां तक कि ऑफिशियल न्यूज पेजेस पर भी सर्कुलेट हुए हैं, जो पूरी तरह से एआई से बने हैं। मैंने कभी वो चीजें नहीं पहनी, मैंने कभी वैसे फोटोज नहीं क्लिक करवाए। लेकिन वो ऐसे सर्कुलेट हुए जैसे वो रियल हैं। जाह्नवी ने फिल्म धड़क से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# इतिहास के पन्नों को पलटा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप आइकन टेलर स्विफ्ट ने एक बार फिर अपने संगीत के जरिए इतिहास के पन्नों को पलटा है। अपने हालिया एल्बम 'द लाइफ़ ऑफ़ अ शोगर्ल' के तीसरे सिंगल 'एलिज़ाबेथ टेलर' के लिए स्विफ्ट ने एक भावुक म्यूज़िक वीडियो जारी किया है, जो हॉलीवुड की अभिनेत्री एलिज़ाबेथ टेलर को भव्य श्रद्धांजलि है। गायिका ने अपने प्रशंसकों को तब चौंका दिया, जब उन्होंने इस वीडियो को विशेष रूप से स्पॉटिफाई और एप्पल म्यूजिक के सब्सक्राइबर्स के लिए जारी किया।



# 'मैड अबाउट यू' छोड़ने पर दुविधा में थीं लिसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार लिसा कुड्रो को आज भी लोग फीबी बुफे के रोल में याद करते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस शो ने उन्हें दुनियाभर में पहचान दिलाई, उसी को लेकर शुरुआत में वह पूरी तरह आश्वस्त नहीं थीं। दरअसल, जब उन्हें 'फ्रेंड्स' में कास्ट किया गया, तब वह पहले से ही एक दूसरे शो 'मैड अबाउट यू' में काम कर रही थीं और उसे छोड़ने को लेकर असमंजस में थीं। लिसा कुड्रो ने कहा, मैं 'मैड अबाउट यू' में अपने रोल को लेकर काफी गर्व महसूस करती हूं। इस शो में मेरा किरदार एक वेट्रेस का था। बेशक वह छोटा रोल था, लेकिन मेरे करियर के लिए काफी अहम था। ऐसे में जब मुझे 'फ्रेंड्स' का ऑफर मिला, तो मैं असमंजस में थी। मुझे यह डर था कि नया शो सफल होगा या नहीं, क्योंकि टीवी इंडस्ट्री में कई बार अच्छे शो भी ज्यादा समय तक नहीं चल पाते।




# मृणाल की 'डकैत' 10 को होगी रिलीज

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की अपकमिंग फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म की कहानी एक धोखा खाए आशिक की कहानी है, जो अपनी प्रेमिका से बदला लेता है। मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष, जो शादी और बच्चे का सपना एक साथ देख रहे हैं, लेकिन एक पल में दोनों की जिंदगी बदल जाती है। हरि (अदिवि शेष) जेल के अंदर होता है और मृणाल ठाकुर उसके खिलाफ कोर्ट में गवाही दे रही है। हरि बेगुनाह होने के बाद भी जेल में जिंदगी काटता है और मृणाल से बदला लेने का प्लान करता है। कहानी में बड़ा ट्विस्ट भी दिखाया गया है। कहानी में मृणाल ठाकुर एक बच्ची की मां बन चुकी है और हरि को इस बारे में नहीं पता।




# 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर आउट...

**मुंबई।** विजय सेतुपति ने फिल्म 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर लुक जारी किया है। फिल्म 'डोंट स्लीप' एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर शमदत ने पहली बार किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका इंद्रराम निभा रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट में रविंद्र विजय, ताबा रीमा, ज्योती बनर्जी, सुनील थापा और आदुकलम नरेंद्र जैसे कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म के पहले पोस्टर में बर्फ से ढके पहाड़ों पर एक डरावना सीन दिखाया गया है। इंद्र राम की आंखें बंद हैं और उनके माथे पर पट्टी बंधी हुई है, जबकि रवींद्र विजय हाथ में बंदूक लेकर उनका पीछा कर रहे हैं। यह पोस्टर फिल्म की कहानी को दर्शाता है। शमदत ने 'उप्पेना', 'विरुपाक्षा' और 'थंडेल' जैसी फिल्मों में शानदार कैमरा वर्क किया है।

## टीवी मसाला

# मानसिक रूप से परेशान दीपिका, बयां किया दर्द

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों कैंसर के बाद हुए सिस्ट के दर्द से जूझ रही हैं। उन्होंने हाल में ही अपने ब्लॉग में अपने दर्द को बयां किया है। उन्होंने ये भी बताया कि ये दौर उनके लिए काफी मुश्किल है।



पिछले कुछ महीनों से लीवर कैंसर स्टेज 2 जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहीं दीपिका ने हाल ही में अपने यूट्यूब ब्लॉग के जरिए प्रशंसकों के साथ एक भावुक अपडेट साझा किया है। जून 2025 में ट्यूमर रिमूवल सर्जरी और उसके बाद चले लंबे इलाज के बाद, अब एक नई स्वास्थ्य संबंधी रुकावट ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। दीपिका ने अपने नए वीडियो में खुलासा किया कि कैंसर के इलाज के कुछ महीनों बाद उन्हें री-अकरेंस का सामना करना पड़ा है। उनके शरीर में 1.3 सेंटीमीटर का एक छोटा सिस्ट दोबारा पाया गया है, जिसने उन्हें अंदर से झकझोर दिया है। सर्जरी के बाद दीपिका ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि इस खबर ने उन्हें डरा दिया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इस दोबारा हुई समस्या और सिस्ट की खबर ने मुझे हिला दिया है। मैं थोड़ी घबरा गई हूं कि आखिर ऐसा क्यों हुआ और आगे मेरे लिए क्या चुनौतियां आने वाली हैं।' उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह इसी सोच में डूबी थीं, जिसके कारण वह अपना ब्लॉग भी पूरा नहीं कर पा रही थीं। बीमारी ने दीपिका की जीवनशैली और सोचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है।

# मायसा का फर्स्ट लुक रिलीज

*रश्मिका मंदाना स्टारर 'मायसा' 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फैंस को इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। अपनी वर्सटैलिटी और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाने वाली रश्मिका ने अपनी परफॉरमेंस से हमेशा दर्शकों को सरप्राइज किया है, 'मायसा' में उनका लुक देख कर फैंस फिल्म के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म उन्हें एक निडर और दमदार रोल में दिखाएगी, जो उनकी ऑन-स्क्रीन इमेज को पूरी तरह बदल सकता है।*



**मुंबई।** मेकर्स ने एक कमाल का नया पोस्टर रिलीज किया है जिसमें टैलेंटेड स्टार पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आ रही हैं। यह मोनोक्रोम पोस्टर उनके इंटेंस लुक को कैप्चर करता है, जहां उनके चेहरे पर धूल और खून लगा है। जो उनकी रॉ पावर और इमोशन्स को साफ दिखाता है। यह दिलचस्प पोस्टर एक ऐसे किरदार की ओर इशारा करता है जो बोल्ड और रफ है, जिसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को तुरंत बढ़ा दिया है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, उसने अपनी चमक से राज किया। अपनी ग्रेस से दिल जीते। अब वो आ रही है अपनी बेमिसाल रफ़्तार और गुस्से के साथ। तैयार हो जाइए उनकी अब तक की सबसे धमाकेदार परफॉरमेंस के लिए. 2026 में सिनेमाघरों में।

# अक्षय ने की ट्विंकल संग पुरानी यादें साझा

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में जहां रिश्ते अक्सर चर्चा और सुर्खियों में बने रहते हैं, वहीं कुछ जोड़ियां ऐसी भी होती हैं जो अपने सादगी भरे और मजबूत रिश्ते से लोगों का दिल जीत लेती हैं। ऐसी ही एक जोड़ी है अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना की, अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उनके रिश्ते की मस्ती और दोस्ती भी साफ दिखाई देती है। अक्षय कुमार के साझा किया गया यह



वीडियो उनकी मालदीव ट्रिप की पुरानी यादों से जुड़ा हुआ है। इस वीडियो में दोनों एक खूबसूरत जगह पर साथ चलते हुए नजर आते हैं, जहां चारों ओर साफ नीला पानी और शांत माहौल दिखाई दे रहा है। दोनों हाथ में हाथ डाले चलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय कुमार ने मजाकिया अंदाज में लिखा, मैं हर दिन अपनी पत्नी पर फिदा हो जाता हूं, लेकिन कभी-कभी कोहनी लदने के बाद।

# 50 किलो का लहंगा पहनकर रैंप पर छाईं

*बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने एक टाइम में अपनी अदाओं से सबको दीवाना बना रखा था। वहीं एक्ट्रेस शादी और मां बनने के बाद एक्टिंग से दूर हो गईं। हालांकि, वो सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपने लुक्स से सबका ध्यान खींच लिया।*

**मुंबई।** फैशन वीक में बिपाशा ने दुल्हन के गेटअप में रैंप पर एंट्री ली और जैसे ही उनका लुक सामने आया, सभी की नजरें बस उन्हीं पर टिक गईं। एक्ट्रेस ने रेड कलर का 50 किलो का लहंगा पहना था, जिसमें वो काफी खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने गोल्डन एक्सेसरीज पहनी थी और उनका मेकअप भी कमाल का था। इवेंट से उनके कई वीडियोज समाने आए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कोई उनके गॉर्जियस कह रहा है, तो कोई ब्यूटीफुल बता रहा हैं।

बिपाशा बसु ने काम को लेकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब फिर से काम शुरू करने का समय है और मैं बहुत खुश हूं। आप जानते हैं, यह मेरा पुराना प्यार है। मैंने सबसे पहले मॉडलिंग की थी, फिर एक्टिंग की. लोगों का प्यार मुझे हमेशा मिलता रहा है और आज भी मुझे वही प्यार मिला, जिससे मैं बहुत खुश हूं।




# 'धुरंधर 2' में छाया 41 साल पुराना गाना, दर्शकों में मचा रहा धूम

**मुंबई।** 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार कमाई कर रही है। इसकी सफलता के पीछे दमदार एक्शन, कहानी, निर्देशन और कलाकारों के साथ-साथ इसका बैकग्राउंड म्यूजिक और गाने भी हैं, जो हर तरफ छाए हुए हैं। फिल्म के दोनों भागों में कई पुराने गानों को रीमेक किया गया है, लेकिन 'धुरंधरः द रिवेंज' में एक ऐसा गाना है, जो लोगों के लिए काफी सरप्राइजिंग था। जैसे ही थिएटर में ये गाना बजा, हर तरफ सीटियां और तालियां गूंजने लगीं।

### फिल्म में कई पुराने गाने शामिल

धुरंधर 2 में म्यूजिक के तौर पर कई पुराने गाने शामिल किए गए हैं और जब ये गाने बजते हैं तो दर्शक भी इसकी वाइब से खुद को जोड़ पाते हैं। ये गाने नॉस्टैल्जिक टच भी देते हैं और पूरी फिल्म के दौरान ये वाइब बनी रहती है। लेकिन जैसे ही 41 साल पुराना राजेश खन्ना की फिल्म का गाना बजता है तो कान खड़े हो जाते हैं। ये गाना आपने टीवी, रेडियो पर जरूर सुना होगा, जिसके बोल हैं 'कभी बेखुदी ने मारा', जिसे 41 साल पहले किशोर दा ने आवाज दी थी।



***कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल :*** धुरंधरः द रिवेंज में किशोर कुमार के 'कभी बेखुदी ने मारा' के अलावा और भी कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल किया गया है। धुरंधर 2 में तम्मा तम्मा लोगे, ओए ओए... तिरछी टोपी वाले, हम प्यार करने वाले जैसे गाने शामिल हैं। इससे पहले दिसंबर 2025 में रिलीज हुए पहले भाग 'धुरंधर' में भी कई पुराने गाने सुनने को मिले थे, जिन्हें दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म में अरमान (1981) का 'रंभा हो' और 'दस मैं की प्यार विचों खटिया' जैसे गाने सुनने को मिले थे।

***सुरों के सरताज किशोर कुमार ने दी थी आवाज :*** हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना पर फिल्माया गया गाना 'कभी बेखुदी ने मारा' 1985 में रिलीज हुई फिल्म 'अलग-अलग' का है, जिसे सुरों के सरताज किशोर दा ने आवाज दी थी और संगीतकार की जिम्मेदारी आरडी बर्मन ने निभाई थी। धुरंधरः द रिवेंज में ये गाना तब सुनाई देता है जब हमजा (रणवीर सिंह) आलम (गौरव गेरा) को अपनी एक स्पाई बनने से पहले की दास्तान सुनाता है। जैसे ही थिएटर में ये धुन बजती है, देखते ही दर्शकों के सरप्राइजिंग रिएक्शन आने लगते हैं।

## खबर संक्षेप

### भटगांव पुलिस ने की शराब कोचियों पर कार्रवाई



**बिलाईगढ़।** ग्राम सलौनीकला सांवरिया डेरा में रेड कार्रवाई कर अवैध महुआ शराब हाथ भठ्ठी जब्त किया गया है। इस दौरान दो अलग-अलग मामलों में दो कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी रेवती गोड पति गुड्डु गोड 35 ग्राम सलौनीकला सांवरिया डेरा थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 6 हजार आरोपी शंकर गोड पिता रामू गोड 41 ग्राम सांवरिया डेरा सलोनीकला थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 30 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 6 हजार जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया।

### न्यायालय एसडीएम में 8 को होगी सुनवाई

**सारंगढ़।** न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ में धीरज कुमार टंडन पिता मंगलचरण का 8 अप्रैल को पेशी में उपस्थिति के लिए अंतिम अवसर दिया गया है। निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने की दशा में न्यायालय द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। इस न्यायालय में पक्षकार धीरज कुमार बनाम केदाल बाई वगैरह निवासी ग्राम सराईपाली तहसील सारंगढ़ का प्रकरण लंबित है।

### इन ग्रामों में आज होगा राजस्व शिविर

**सारंगढ़।** जिले में 7 अप्रैल को राजस्व शिविर सारंगढ़ तहसील के ग्राम अमझर, टाड़ीपार, छिंद, कुधरी, अचानकपाली, बरमकेला तहसील के ग्राम बेंगची, धनीगांव, कर्राकोट,धुमांभांठा, रिसोरा, हट्टापाली, झिकीपाली, जीरापाली, सरिया तहसील के ग्राम गिरहुलपाली, भिखमपुरा, सरिया, भठली, बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम दोमुहानी, भटगांव तहसील के ग्राम बगमल्लाए बेलटिकरी, धारासीव, गदहाभाठा, घोघरा और कोसीर उप तहसील के ग्राम मल्दा अ में किया जाएगा, जहां राजस्व कार्य जैसे सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका आदि का निराकरण होगा।

### टीकाकरण अभियान का हुआ विस्तार

**रायगढ़।** जिले में बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य और उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से संचालित एचपीवी टीकाकरण का विस्तार किया गया है, जिससे अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की बालिकाओं को उनके घर के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर ही सुरक्षा कवच उपलब्ध हो पा रहा है। इसी कड़ी में आज विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित टीकाकरण सत्रों के दौरान कुल 63 बालिकाओं को वैक्सीन की खुराक दी गई, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में सर्वाधिक 34 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक इस सुविधा का लाभ उठाया। अभियान के तहत अब जिले के ग्यारह प्रमुख केंद्रों में टीकाकरण सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं।

### लो वोल्टेज और कटौती से किसानों को मिली राहत

**सरिया।** क्षेत्र में लगातार जारी लो वोल्टेज और विद्युत कटौती से परेशान किसानों को प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद बड़ी राहत मिली है। फसलों के नुकसान से चिंतित किसानों ने बिजली की नियमित आपूर्ति बहाल होने पर प्रशासन और विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। सरिया क्षेत्र में लंबे समय से जारी विद्युत कटौती और कम वोल्टेज की समस्या को लेकर 23 मार्च को आंचलिक किसान संघ सरिया ने विद्युत विभाग का शव यात्रा निकालकर सरकार व विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी, प्रदर्शन एवं विद्युत कार्यालय का घेराव किया था।तब जाकर प्रशासन हरकत में आई और किसानों की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया गया। प्रशासन के आश्वासन के बाद किसानों को अब राहत मिलने लगी है।

## दैनिक बाजार परिसर में नवीन व्यावसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण

# नपं ने दिया व्यापारियों को दुकान खाली करने नोटिस, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

दैनिक बाजार परिसर को नवीन व्यावसायिक काम्प्लेक्स निर्माण को लेकर नगर पंचायत में व्यापारियों को दुकान खाली करने का नोटिस दिया है। इससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। व्यापारियों ने आज सीएमओ को आवेदन देकर मांग किया है कि हमें दुकान संचालन हेतु प्राथमिकता के आधार पर दुकान आवंटन किया जाए। जहां सीएमओ ने व्यापारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि नियम अनुसार जो भी निर्णय होगा। उसको लागू किया जाएगा।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में यहां के दैनिक बाजार परिसर को नवीन व्यावसायिक काम्प्लेक्स निर्माण कार्य प्रारंभ करने के पहले नगर पंचायत ने दैनिक बाजार परिसर के दुकानों को तोड़कर नवीन व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाने के निर्णय लिया है। इसके लिए वर्तमान



सीएमओ को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

काबिज दुकानदारों को अपने दुकान खाली करने का नोटिस जारी किया गया है।

नोटिस जारी होने से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। आज सोमवार को दैनिक बाजार परिसर के व्यापारियों ने नगर पंचायत पहुंचकर सीएमओ से चर्चा की और लिखित में आवेदन दिया कि हम लोग वर्षों से यहां काबिज हैं और दुकान संचालक कर रहे हैं। यदि नवीन व्यावसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण होता है तो प्राथमिकता के आधार पर हमें मौका दिया जाए। हम वर्षों से यहां काबिज है और व्यापार कर रोजी रोटी चला रहे हैं। कृषि उपज मंडी बोर्ड के द्वारा नगर पंचायत सरिया में एक करोड़, 82 लाख की लागत से करीब दो एकड़ बाजार परिसर की भूमि में नवीन व्यावसायिक काम्प्लेक्स व सेट निर्माण के साथ बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए नगर पंचायत के द्वारा दैनिक बाजार परिसर के व्यापारियों को अपने दुकान खाली करने का नोटिस दिया गया है। व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान में जो दुकानें संचालित हैं उनकी हालत ठीक है। हमारी मांग है कि जर्जर दुकानों को ही तोड़ा जाए। यदि सभी दुकानों को तोड़ा जाता हैं तो हमें नवीन दुकान प्रदान की जाए। ताकि हम भी अपना रोजी रोटी चल सके। सीएमओ ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि आप लोग अपना आवेदन देकर अपनी बात रख सकते हैं। परिषद में बैठक के अनुसार जो भी उचित निर्णय होगा उसे हिसाब से आगे के कार्य किए जाएंगे। आवेदन की प्रतिलिपि वित्त मंत्री एवं विधायक ओपी चौधरी कलेक्टर, एसडीएम, मुख्यमंत्री को भी भेज कर मांग किया है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से अजीत स्वर्णकार, त्रिलोचन पटेल राजू, श्याम सुंदर पाणिग्राही, नेह मेहर, ओम प्रकाश लोग शामिल थे।

# लापरवाहीः ड्यूटी से स्वास्थ्य कर्मी गायब अस्पताल में दर्द से तड़पती रही प्रसूता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

एक ओर सरकार ग्रामीण अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ ब्लॉक अंतर्गत गोपालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से ऐसी ही एक घटना की तस्वीर सामने आई है, जहां प्रसव पीड़ा से कराहती एक महिला को घंटों बिना इलाज तड़पते देखा गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार परसदा परसकोल से आई प्रसव पीड़ित महिला शाम करीब 7 बजे गोपालपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी। हालत गंभीर, दर्द असहनीय, लेकिन अस्पताल से कर्मचारी ही नदारद। ड्यूटी पर तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मी अपने निर्धारित समय से पहले ही अस्पताल छोड़कर घर चली गई थीं। स्थिति ऐसी बनी कि प्रसूता अस्पताल परिसर में बैठी दर्द से तड़पती रही, लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। करीब एक घंटे तक महिला बिना किसी प्राथमिक उपचार के कराहती रही। जब यह




इस घटना की पूर्व में कोई जानकारी नहीं थी। मामला संज्ञान में आया है, इसकी जांच कराई जाएगी। यदि ड्यूटी में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित स्वास्थ्य कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**एसके जायसवाल**
**बीएमओ**

### पहले भी आ चुकी है लापरवाही

स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता इंका साहू की लापरवाही पहले भी सामने आ चुकी है, बावजूद इसके अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह ढिलाई ही आज इस गंभीर स्थिति की वजह बनी है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों और प्रशासन से मांग की है कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाली स्वास्थ्य कार्यकर्ता इंका साहू के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रसूता को इस तरह की पीड़ा और उपेक्षा का सामना न करना पड़े।

बात गांव में फैली तो ग्रामीणों में आक्रोश भड़क उठा। तत्काल प्रभारी डॉक्टर को सूचना दी गई, जिसके बाद आनन-फानन में दूसरी नर्स की व्यवस्था कर प्रसव कराया गया। यह घटना न सिर्फ स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी सोचने पर मजबूर करती है कि यदि इस दौरान कोई अनहोनी हो जाती, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता। गौरतलब है कि गोपालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसे संस्थान ग्रामीण महिलाओं के सुरक्षित प्रसव और जच्चा बच्चा की देखभाल के लिए स्थापित किए गए हैं, लेकिन जब जिम्मेदार कर्मचारी ही अपने कर्तव्यों से मुंह मोड़ लें, तो इन संस्थानों का औचित्य ही सवालों के घेरे में आ जाता है।

## चंद्रपुर थाना को मिला नया प्रभारी जितेंद्र ने संभाली कमान

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में जितेंद्र कौशले ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके पदभार संभालते ही क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर नई उम्मीदें जाग उठी हैं। बताया जा रहा है कि कौशले इससे पहले बस्तर, कवर्धा, बलौदाबाजार, राजनांदगांव व सक्ति में पदस्थ थे, जहां उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सख्त प्रशासनिक छवि और सक्रिय पुलिसिंग के लिए पहचान बनाई। नए थाना प्रभारी के सामने अब चंद्रपुर थाना क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री, जुआ सट्टा, अवैध रेत खनन नगर में फल फूल रहे असामाजिक तत्व के लोग और अन्य असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करना उनकी प्राथमिकताओं में



शामिल रहेगा। इसके साथ ही आम नागरिकों की सुरक्षा, शिकायतों का त्वरित निराकरण और पुलिस जन संवाद को मजबूत करना भी उनकी कार्ययोजना का हिस्सा बताया जा रहा है। थाना प्रभारी जितेंद्र कौशले ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि वे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून का राज कायम रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कही।

## भाजयुमो चंद्रपुर मंडल उपाध्यक्ष बने आदित्य

**चंद्रपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा भा ज यु मो चंद्रपुर मंडल में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आदित्य



टीनी कश्यप को मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं एवं युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गवेल के मार्गदर्शन में की गई है। साथ ही भाजयुमो जिलाध्यक्ष आलोक पटेल के निर्देश एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष तिलेश माली की सहमति से भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पोखराज पटेल द्वारा यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

# भाजपा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दलः अरुणधर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

भाजपा के 47 वे स्थापना दिवस पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने जिला भाजपा से जुड़े पदाधिकारियों विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ से जुड़े अध्यक्ष महामंत्री पदाधिकारियों की मौजूदगी में झंडा फहराया। इसके पहले भारत माता की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाते हुए पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माला अर्पित की गई। इस दौरान निगम महापौर जीवर्धन चौहान सभापति डिग्री साहू पूर्व सभापति सुरेश गोयल सहित वरिष्ठ पार्षदों की मौजदूगी रही।

महापौर जीवर्धन चौहान ने स्थापना दिवस पर कहा 47 वर्ष पूर्व भारतीय जनता पार्टी की नींव इस विचारधारा के साथ रखी गई थी कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

योजनाओं का लाभ पहुंच सके। स्थापना दिवस पर निवास स्थान पर भगवा ध्वज फहराने का जिक्र करते हुए कहा महापौर ने कहा भाजपा मेरे लिए परिवार है। राष्ट्र सेवाए समर्पण और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए महापौर ने संगठन की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सभापति डिग्री साहू ने 47 वे स्थापना दिवस पर कहा मूल्यों की स्थापना एक विचारधारा के तहत की गई थी जिसका निर्वहन भाजपा का हर कार्यकर्ता ईमानदारी से पूरा कर रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर भाजपा कार्यालय रायगढ़ में भाजपा परिवार के साथ ध्वजारोहण करते हुए स्थापना दिवस को हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए गौरवशाली दिन निरूपित किया। 47 वे स्थापना दिवस पर झंडा फहराते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवाए सुशासन, विकास और जनकल्याण के अटूट संकल्प का प्रतीक है। स्थापना से लेकर आज तक करोड़ों कार्यकर्ताओं के परिश्रम, समर्पण और त्याग के बल पर भाजपा विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक दल के रूप में स्थापित हो पाया है। हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं।

## चुनावी रणक्षेत्र में मतदाताओं से रूबरू हुए वित्तमंत्री



**रायगढ़।** असम विधानसभा चुनाव के तहत होजाई विधानसभा क्षेत्र के डिगलबली गांव में आयोजित बैठक में शामिल होकर भाजपा प्रत्याशी शिलादित्य देव के पक्ष में जनता से मतदान की अपील करते हुए छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी।

# चंद्रपुर में कार्यकर्ताओं में दिखा जोश व उत्साह

**चंद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चंद्रपुर भाजपा मंडल में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष तिलेश माली ने भाजपा कार्यालय चंद्रपुर में पार्टी का ध्वज फहराकर उस पवित्र विचारधारा को नमन किया, जो राष्ट्र प्रथम को सर्वोपरि मानती है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी के सिद्धांतों और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों में भी भाजपा का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाया। मंडल अध्यक्ष तिलेश माली ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित एक विचारधारा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर सेवा कार्य कर



भाजपा का स्थापना दिवस मनाते कार्यकर्ता।

रहे हैं। इस अवसर पर ओमप्रकाश देवांगन, गिरजा शंकर यादव, बालकृष्ण यादव, खीरसागर यादव, पवन अग्रवाल, मनोरंजन पुरोहित, राजेश डनसेना, नूरेन्द्र पटेल, गौरी गुप्ता, आदित्य टीनी कश्यप, राजू निषाद, पुरुषोत्तम देवांगन, लिकेश यादव एवं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# नगर पंचायत में अवैध कब्जों की बाढ़ सरकारी जमीन पर चल रही दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

नगर में अवैध कब्जा की बाढ़ आ गई है। सरकारी जमीनों , सड़कों और हरित पट्टियों पर बिना किसी डर के अवैध निर्माण किया जा रहे हैं। इन अवैध निर्माण को विद्युत कनेक्शन देने के लिए नगर पंचायत द्वारा धडल्ले से एनओसी भी जारी किया जा रहा है। एनओसी जारी होने के कारण विद्युत विभाग भी अवैध निर्माण पर स्थाई कनेक्शन दे रहे हैं। जिससे इन कब्जों को बढ़ावा मिल रहा है, और नगरीय व्यवस्था चरमरा गई है।

■ **विद्युत विभाग दे रहा है मनमानी ढंग से कनेक्शन**

नगर पंचायत और संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे बढ़ गए हैं। एवं इन अनाधिकृत निर्माण को बिजली कनेक्शन मिलने से उन्हें कानूनी मान्यता का आभास होने लगा है। जिससे वे स्थाई निर्माण में बदल जाते हैं। नगर पंचायत सरिया के अटल चौक, गांधी चौक पेट्रोल पंप चौक, भटली चौक चारों ओर अवैध कब्जा की बाढ़ आ गई है। इन कब्जों के कारण सड़क के सकरे होने और अव्यवस्थित नगरीय विकास से लोगों को परेशानी हो रही है। जनता अब अतिक्रमण हटाने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। प्रशासन को इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए सरकारी जमीन पर बेजाकब्जा को हटाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तत्काल आवश्यकता है। तथा अवैध कब्जा पर बिजली आपूर्ति रोकने की कार्यवाही की मांग की गई है। ताकि सड़क किनारे सरकारी जमीन बेजाकब्जा और अतिक्रमण की भेंट न चढ़े। सड़क किनारे बेजा कब्जा एवं अवैध निर्माण कर दुकान संचालन के संबंध में उचित कार्रवाई की मांग किया है। जिला प्रशासन का सख्त निर्देश है कि सड़क किनारे अतिक्रमण पर उचित कार्यवाही कर आवागमन को सुरक्षित किया जाए। यहां दुकान के सामने बड़े होडिंग्स के साथ अतिक्रमण में दुकान ऐसे सज गए हैं मानो किसी विशेष शोरूम के रूप में दुकानें संचालित है। यही नहीं नाली के ऊपर भी अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा है। इसी तरह नगर के सभी 15 वार्डों में आज अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। इन सारी समस्या के निदान के लिए नगर पंचायत से उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

**न्यायालय तहसीलदार, तमनार, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
राजस्व प्रकरण क्रमांक 202603041000035
मामले की श्रेणी :- राजस्व
विषय :-अ-21 राजस्व सन :-2025-26
ग्राम रोड़ोपाली (प.ह.नं. 14)
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - घनश्याम राठिया
अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ शासन
-: ईश्तहार :-
ग्राम रोड़ोपाली के सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनश्याम राठिया पिता दुखु राठिया जाति कंवर निवासी ग्राम रोड़ोपाली तहसील तमनार जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि उसके हक स्वामित्व की ग्राम रोड़ोपाली स्थित खसरा नं. 51/1 रकबा 2.120 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में उसके नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि में केसीसी लोन आई.सी.आई.सी.आई. बैंक घरघोड़ा से लिया गया है। वर्तमान स्थिति में बैंक के कर्ज को चुका पाने में असमर्थ होने के कारण उक्त भूमि को विक्रय करना चाहता है। उपरोक्तानुसार लेख करते हुए आवेदित भूमि को विक्रय करने की अनुमति प्रदाय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय रायगढ़ को प्रस्तुत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) घरघोड़ा के माध्यम से बिन्दुवार जांच एवं प्रतिवेदन हेतु मूल प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई दिनांक 15/04/2026 को नियत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी को भी आपत्ति हो वे स्वंय अथवा अपने किसी अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर नियत दिनांक 15/04/2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/03/2026 को जारी किया गया है।
**तहसीलदार तमनार**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
**-: समाचार पत्र में प्रकाशन :-**
**सूचना पत्र**
रा.प्र.क्र. - जन्म/मृत्यु/स-131/2025-26
ग्राम कुनकुनी, तहसील खरसिया
आवेदक अमर सिंह राठिया, पिता फूल सिंह राठिया, निवासी ग्राम कुनकुनी, तहसील खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) **बनाम**
छ.ग. शासन
एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कुनकुनी, प.ह.नं. 26 तहसील खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमर सिंह राठिया, पिता फूल सिंह राठिया, जाति कंवर निवासी ग्राम कुनकुनी, तहसील खरसिया, जिला रायगढ़, (छ.ग.) द्वारा अपने पिता फूल सिंह राठिया, पिता साधराम राठिया, के मृत्यु दिनांक 08/10/1982 स्थान कुनकुनी, का मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिस पर सुनवाई दिनांक 08/04/2026 को नियत है।
प्रकरण में राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में नियत पेशी/ सुनवाई दिनॉक को उपस्थित होकर अपना आपत्ति/जवाब प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथी को उपस्थित न होने की स्थिति में नियत तिथी के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनॉंक 25/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी खरसिया**

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त